लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1274

14 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना

1274. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:
श्री कृष्णपालसिंह यादव:
डॉ. सुजय विखे पाटील:
डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:
प्रो. रीता बहुगुणा जोशी:
श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के अंतर्गत जारी की गई पूंजी निवेश राजसहायता की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों सहित राज्यों में जारी पूंजी निवेश राजसहायता की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2016 से अब तक प्रोत्साहित की गई ऊर्जा बचत मशीनों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्ष 2016 से अब तक बुनाई, प्रसंस्करण और परिधान क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए जारी की गई कुल राजसहायता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वर्ष 2016 से अब तक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में इन परियोजनाओं के लिए इस योजना के अंतर्गत जारी की गई कुल धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2021-22) में संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के तहत 4,235 मामलों में कुल 1066.66 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश सब्सिडी जारी की गई है। इसके अलावा, टीयूएफएस के पुराने संस्करणों की प्रतिबद्ध देनदारियों के तहत ब्याज प्रतिपूर्ति/मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में कुल 429 करोड़ रुपये का वितरण किया गया है, जिससे देश भर में पिछले तीन वर्षों के दौरान एटीयूएफएस के तहत कुल 1495.66 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पिछले तीन वर्षों में एटीयूएफएस के तहत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वस्त्र इकाइयों को प्रदान की गई सहायता का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग): वर्ष 2016 से एटीयूएफएस के तहत कुल 821 एनर्जी सेविंग मशीनों को प्रोत्साहन दिया गया है।

(घ): वर्ष 2015-16 से लेकर वर्ष 2022-23 तक वीविंग, प्रसंस्करण और गारमेंट क्षेत्र सहित एटीयूएफएस के तहत जारी सब्सिडी का क्षेत्रवार और वर्षवार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ङ): वर्ष 2015-16 से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में इकाइयों को जारी की गई सब्सिडी का वर्षवार विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

अनुबंध-I

पिछले तीन वर्षों में एटीयूएफएस के तहत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वस्त्र इकाइयों को प्रदान की गई सहायता का विवरण

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	राज्य	एटीयूएफएस के तहत पूंजी निवेश सब्सिडी	पुराने संस्करणों की प्रतिबद्ध देनदारियों के तहत ब्याज प्रतिपूर्ति / मार्जिन मनी सब्सिडी	जारी की गई कुल सब्सिडी
1	उत्तर प्रदेश	17.72 (57 इकाइयां)	9.13	26.85
2	मध्य प्रदेश	23.27 (28 इकाइयां)	19.94	43.21
3	महाराष्ट्र	171.25 (864 इकाइयां)	61.10	232.35
	कुल	**212.24**	**90.17**	**302.41**

अनुबंध- II

वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 तक वीविंग, प्रसंस्करण और गारमेंट क्षेत्र सहित एटीयूएफएस के तहत जारी किए गए अनुदान का क्षेत्रवार और वर्षवार विवरण

(करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20***	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**
गारमेंट / मेड-अप निर्माण	64.42	172.02	95.52	17.56	1.54	9.76	18.61	29.91
फाइबर , यार्न फैब्रिक, गारमेंट और मेड-अप का प्रसंस्करण	138.52	286.15	160.63	45.35	10.27	35.55	54.18	41.63
तकनीकी वस्त्र और गैर- बुने हुए	163.10	210.56	120.68	36.82	12.10	26.49	37.61	38.14
एकल कताई	198.16	429.02	237.75	72.60	3.16	16.02	16.44	15.38
विविंग/निटिंग	125.10	224.61	133.62	41.03	102.27	190.27	274.1	243.83
बहु गतिविधि	365.98	785.91	682.78	217.42	127.01	256.75	209.68	102.43
अन्य	339.20	509.48	481.22	189.60	58.54	21.01	13.92	5.33
कुल	**1,394.48**	**2,617.75**	**1,912.2**	**620.38**	**314.89**	**555.85**	**624.5**	**476.65**

*वर्ष 2019-20 के दौरान, एटीयूएफएस की नई योजना के कार्यान्वयन की प्रक्रिया अपनाई गई और योजना के पुराने संस्करणों की देनदारियों के तहत व्यय में काफी कमी आई, जिससे इस वर्ष के दौरान कम व्यय हुआ।

अनुबंध III

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वस्त्र इकाइयों को एटीयूएफएस के तहत जारी सब्सिडी की कुल राशि का विवरण

(रु. करोड़ में)

वर्ष	एटीयूएफएस के तहत जारी सब्सिडी (पुरानी संस्करण योजनाओं की प्रतिबद्ध देयता सहित)		
	उत्तर प्रदेश	मध्य प्रदेश	महाराष्ट्र
2015-16	17.00	68.89	273.69
2016-17	39.87	107.19	514.78
2017-18	22.65	76.55	397.13
2018-19	4.12	20.83	112.36
2019-20	11.42	4.98	42.39
2020-21	4.29	10.55	81.65
2021-22	11.14	27.67	108.52
2022-23	3.50	5.20	52.76
कुल	**113.99**	**321.86**	**1583.28**

*****